# पतंजलि विश्वविद्यालय और यूटीयू के बीच हुआ एमओयू

जागरण संवाददाता, हरिद्वार : पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार और वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय देहरादून (यूटीयू) के बीच शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) हुआ। समझौते पर हस्ताक्षर पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण और तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने किए। दोनों कुलपतियों ने विश्वास व्यक्त किया कि यह साझेदारी विद्यार्थियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



पतंजलि विवि और यूटीयू के बीच शैक्षणिक सहयोग का एमओयू हुआ • साभार पतंजलि विवि

- समझौते पर पतंजलि विवि के कुलपति और तकनीकि विवि के कुलपति ने किए हस्ताक्षर
- कहा, छात्रों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी साझेदारी

समझौते के अंतर्गत योग विज्ञान, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, अनुप्रयुक्त विज्ञानों तथा अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी के एकीकरण के माध्यम से कृषि, अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता को बल मिलेगा। विशेष रूप से पतंजलि विश्वविद्यालय के अनुसंधान कार्यों को किसानों तक पहुंचाने के लिए उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय परिसरों में प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त संयुक्त पाठ्यक्रमों का संचालन, प्रमाण पत्र एवं डिग्री कार्यक्रमों का आयोजन, अध्ययन सामग्री का आदान-प्रदान, शोध प्रकाशन, विशेषज्ञ सलाह, कार्यशालाएं, सेमिनार, सम्मेलन तथा छात्रों के लिए प्रशिक्षण और इंटर्नशिप के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। समझौते के अवसर पर पतंजलि विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. मयंक कुमार अग्रवाल, परीक्षा नियंत्रक प्रो. अरविंद कुमार सिंह, तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक डा. वीके पटेल और वित्त नियंत्रक विक्रम सिंह जंतवाल मौजूद रहे।